पंजाब केसरी 07/09/2024

जी.एम.एन. कॉलेज की महिला सैल द्वारा सौंदर्य उत्पाद वितरण कार्यक्रम आयोजित

अम्बाला, 6 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी में महिला सैल के द्वारा एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की सभी महिला स्टाफ सदस्यों के बीच सौंदर्य उत्पादों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज की स्टाफ सदस्यों विशेष कर महिला स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की संयोजिका डा. नेहा अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि सौंदर्य केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन का भी प्रतीक है और इस छोटे से उपहार के माध्यम से वे सभी को खुश और आत्मविश्वास से भरपूर देखना चाहती हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि एवं महिला कॉलेज की स्टाफ सदस्य। (देवदत्त)

इस दौरान शफीक एवं लक्की ने बतौर अतिथि शिरकत की। सभी महिला स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए महिला सैल की सराहना की और इसे महिलाओं के प्रति एक सकारात्मक और सम्मानजनक कदम माना। कार्यक्रम की सह संयोजिका डा. रवनीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल कॉलेज के स्टाफ सदस्यों में आपसी स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और स्वयं की देखभाल के महत्व पर भी जोर दिया जा जाता है। धन्यवाद प्रस्ताव डा. नियति के द्वारा प्रेषित किया गया। इस अवसर पर वूमैन सैल के सभी सदस्यों सहित कॉलेज स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।